p>

Title: Need to construct an airport in Jhunjhunu, Rajasthan.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार । मैं राजस्थान के शेखावटी के झुन्झुनू जिले से आता हूं । झुन्झुनू जिला शेखावटी में एक तरह से प्रसिद्ध जिला है । मैं झुन्झुनू जिले में हवाई अड्डा बनवाना चाहता हूं । मैं यहां इसलिए हवाई अड्डा बनवाना चाहता हूं, क्योंकि इस झुन्झुनू जिले की बहुत सी विशेषताएं हैं । झुन्झुनू जिले की हवाई पट्टी सबसे बडी है । झुन्झुनू एक ऐसा जिला है, जिसने देश को सबसे ज्यादा शहीद और सैनिक दिए हैं । झुन्झुनू जिले में सबसे ज्यादा उद्योगपति हैं । मैं यहां तक कह सकता हूं कि यदि अन्य जिलों और राज्यों के उद्योगपतियों को झुन्झुनू भेज दिया जाए तो वे राज्य खाली भी हो सकते हैं । मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि सैनिकों की दृष्टि से देखते हुए, उद्योगपतियों की दृष्टि से देखते हुए और शिक्षा की दृष्टि से देखते हुए ,यहां पर हवाई अड्डा बनाया जाए । जय हिन्द, जय भारत ।